राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

मिसिल संख्या रा.पि.व.आ./08/01/164-C/2019-केएसपी

पीईसी लिमिटेड के अधिकारीगण के साथ दिनांक 24.06.2021 को हुई सुनवाई का कार्यवृत्त

बैठक में उपस्थित सदस्य एवं अधिकारीगण -:

1. श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
2. श्री राजेश कुमार, सलाहकार, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
3. श्री जे. रवि शंकर, निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), पीईसी लिमिटेड
4. श्री पी.के. जैन, मुख्य महाप्रबंधक, पीईसी लिमिटेड
5. श्रीमती मोनिशा लाकरा, संयुक्त महाप्रबंधक, पीईसी लिमिटेड

सुनवाई का विस्तृत विवरण:-

1. आयोग द्वारा पीईसी लिमिटेड के अधिकारियों से पूछा गया कि पीईसी लिमिटेड का गठन कब हुआ, इस संदर्भ में अतिरिक्त निदेशक, पीईसी लिमिटेड ने अवगत कराया कि पीईसी लिमिटेड का गठन वर्ष 1971 में हुआ है।
2. आयोग द्वारा पूछा गया कि पीईसी लिमिटेड में कुल कितने कर्मचारी काम कर रहे हैं, इस संदर्भ में निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), पीईसी लिमिटेड ने अवगत कराया कि पीईसी लिमिटेड में 38 कर्मचारी कार्यरत है।
3. आयोग द्वारा पूछा गया हैं कि पीईसी लिमिटेड में दिनांक 31.03.2017 तक कुल 130 अधिकारी/कर्मचारी काम कर रहे थे, जिसमे से अब 38 अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं। जिन कर्मचारियों ने कंपनी छोड़ दी हैं उनकी कैटेगरी वाईज़ डिटेल्स और ओबीसी सर्टिफिकेट आयोग को उपलब्ध कराये जाए तथा वर्ष 2017 में जो 15 अधिकारी ग्रुप 'ए' कार्य कर रहे थे उनका ओबीसी सर्टिफिकेट आयोग को उपलब्ध कराया जाएं।

4. आयोग द्वारा पूछा गया कि पीईसी लिमिटेड में रोस्टर की रि-कास्टिंग कितनी बार की गयी हैं, इस संदर्भ में संयुक्त महाप्रबंधक, पीईसी लिमिटेड ने अवगत कराया है कि रोस्टर की रि-कास्टिंग वर्ष 2015 में हुई थी।

5. आयोग द्वारा पूछा गया कि पीईसी लिमिटेड में ओबीसी का चीफ लाईसन ऑफिसर कौन है, इस संदर्भ में निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), पीईसी लिमिटेड ने अवगत कराया है कि श्री धनंजय कुमार, ओबीसी के चीफ लाईसन ऑफिसर है।

6. आयोग द्वारा पूछा गया कि वर्ष 2017 में पीईसी लिमिटेड में कर्मचारियों की बहाली हुई थी उसमें सिलेक्शन कमेटी की पूरी फाइल तथा कमेटी के सदस्यों के ओबीसी सर्टिफिकेट की छायाप्रति आयोग को उपलब्ध कराई जाएं।

7.आयोग द्वारा पूछा गया कि पीईसी लिमिटेड में कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर कितने कर्मचारी कार्य कर रहे है, इस संदर्भ में निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), पीईसी लिमिटेड ने अवगत कराया है कि कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर 01 कर्मचारी कार्य कर रहा है।

8. आयोग द्वारा पूछा गया कि क्या पीईसी लिमिटेड में ओबीसी उम्मीदवारों का अलग से साक्षात्कार होता है, इस संदर्भ में निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), पीईसी लिमिटेड ने अवगत कराया है कि हम मैनेजर रिक्रूट करते है, तो सभी को साक्षात्कार के लिए क्रमबद्ध रूप में बुलाते है, पीईसी लिमिटेड में स्लॉट वाइज़ साक्षात्कार नहीं होता है।

9.आयोग द्वारा पूछा गया कि पीईसी लिमिटेड में लाईजन ऑफिसर की नियुक्ति वर्ष 2000 में हुई थी तो उनका वर्ष 2019 का सर्टिफिकेट आयोग में कैसे जमा कर रहे है, आपने उनकी नियुक्ति के समय कैसे तय कर लिया था कि वह ओबीसी है नियुक्ति जिस दिन हो रही है तो क्या 20 साल बाद उससे संबंधित दस्तावेज जमा कर सकते है?

10.आयोग द्वारा पूछा गया कि क्या पीईसी लिमिटेड के एनुअल रिपोर्ट में ओबीसी का चैप्टर शामिल है, इस संदर्भ में संयुक्त महाप्रबंधक, पीईसी के द्वारा अवगत कराया गया है कि एनुअल रिपोर्ट में ओबीसी का चैप्टर शामिल नहीं किया है।

11.आयोग द्वारा पूछा गया कि पीईसी लिमिटेड में अंतिमवार रोस्टर राजिस्टर का इंस्पेक्शन कब हुआ था? इस संदर्भ में संयुक्त महाप्रबंधक, पीईसी ने अवगत कराया है कि वर्ष 2017 में अंतिमवार रोस्टर रजिस्टर का इंस्पेक्शन हुआ था।

12. पीईसी लिमिटेड में जितने भी विज्ञापन निकाले गए हैं उनकी नियुक्ति से संबंधित सिलेक्शन कमेटी की समस्त फाइल माननीय आयोग के समक्ष प्रस्तुत की जाएं।

उपरोक्त समस्त जानकारी आयोग को 24 घंटे के अंदर उपलब्ध करायी जाए।

(श्री पी.के. जैन)
मुख्य महाप्रबंधक, पीईसी लिमिटेड

जे. रवि शंकर

(श्री जे. रवि शंकर)
निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), पीईसी लिमिटेड

(श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल)
माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग